भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1881
बुधवार, 4 दिसम्बर, 2019/13 अग्रहायण, 1941 (शक)

राष्ट्रीय करियर सेवा परियोजना के माध्यम से रोजगार प्राप्त करना

1881. श्री अखिलेश प्रसाद सिंहः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत दो वर्षों के दौरान राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना के अंतर्गत स्थापित किए गए आदर्श करियर सेंटरों (एमसीसी) की राज्य-वार संख्या कितनी है;
(ख) गत दो वर्षों के दौरान एनसीएस परियोजना के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने वाले व्यक्तियों की राज्य-वार संख्या कितनी है;
(ग) क्या एनसीएस परियोजना के अंतर्गत कौशल प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को सरकारी नौकरियों में कुछ विशेष तरजीह दी जाती है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (ख): सरकार रोजगार मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों संबंधी सूचना इत्यादि जैसी विभिन्न रोजगार संबंधी सेवाएं प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय आजीविका सेवा (एनसीएस) परियोजना कार्यान्वित कर रहा है। एनसीएस पोर्टल (www.ncs.gov.in) एक डिजीटल मंच है जो डिजिटाइज ऑनलाइन रोजगार संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए रोजगार चाहने वालों और नियोक्ताओं को आपस में जोड़ती है।

एनसीएस परियोजना में भी, अन्य बातों के साथ-साथ, रोजगार सेवाएं प्रदान करने के लिए राज्यों/संस्थानों के सहयोग से आदर्श करियर केंद्रों (एमसीसी) की स्थापना की परिकल्पना की गई। फिलहाल, सरकार ने 164 आदर्श करियर केंद्रों को अनुमोदन दिया है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरे अनुबंध-I में दिए गए हैं। आदर्श करियर केंद्रों/राज्य आदि द्वारा दिए गए आकड़ों के अनुसार, पिछले दो वर्षों में 9049 रोजगार मेलों का आयोजन किया गया था जिनमें 8,28,098 अभ्यर्थियों को प्रस्ताव पत्र दिए गए थे। विगत दो वर्षों में रोजगार मेलों के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरे अनुबंध-।। में दिए गए हैं।

(ग) से (घ): सरकार में रिक्त पदों को संबंधित मंत्रालय/विभाग/संगठन द्वारा सीधी भर्ती, पदोन्नति, प्रतिनियुक्ति, आदि के माध्यम से संबंधित पदों के लिए भर्ती नियमों में प्रावधान के अनुसार भरा जाता है।

अनुबंध-I

"राष्ट्रीय करियर सेवा परियोजना के माध्यम से रोजगार प्राप्त करना" के संदर्भ में पूछे गए श्री अखिलेश प्रसाद सिंह द्वारा राज्य सभा के दिनांक 04.12.2019 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1881 के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	आदर्श आजीविक केंद्रों की संख्या
1.	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	1
2.	आंध्र प्रदेश	8
3.	अरुणाचल प्रदेश	1
4.	असम	6
5.	बिहार	3
6.	छत्तीसगढ़	4
7.	दिल्ली	2
8.	गोवा	1
9.	गुजरात	9
10.	हरियाणा	2
11.	हिमाचल प्रदेश	2
12.	जम्मू और कश्मीर	7
13.	झारखंड	4
14.	कर्नाटक	10
15.	केरल	3
16.	लक्षद्वीप	1
17.	महाराष्ट्र	6
18.	मेघालय	2
19.	मध्य प्रदेश	10
20.	मणिपुर	1
21.	नागालैंड	1
22.	ओडिशा	8
23.	पुडुचेरी	1
24.	पंजाब	3
25.	राजस्थान	11
26.	सिक्किम	3
27.	तमिलनाडु	9
28.	तेलंगाना	6
29.	त्रिपुरा	3
30.	उत्तर प्रदेश	23
31.	उत्तराखंड	3
32.	पश्चिम बंगाल	10
	योग	164

अनुबंध- II

"राष्ट्रीय करियर सेवा परियोजना के माध्यम से रोजगार प्राप्त करना" के संदर्भ में पूछे गए श्री अखिलेश प्रसाद सिंह द्वारा राज्य सभा के दिनांक 04.12.2019 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1881 के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2017-18		2018-19	
		वर्ष के दौरान आयोजित रोजगार मेलों की संख्या	प्रस्ताव पत्र दिए गए उम्मीदवारों की संख्या	वर्ष के दौरान आयोजित रोजगार मेलों की संख्या	प्रस्ताव पत्र दिए गए उम्मीदवारों की संख्या
1	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	-	-	6	854
2	आंध्र प्रदेश	417	7774	367	4355
3	असम	29	2683	76	2323
4	बिहार	35	262	142	3505
5	चंडीगढ़	-	-	9	137
6	छत्तीसगढ़	423	9162	243	5403
7	दमन	3	1116	-	-
8	दिल्ली	11	77	15	393
9	गोवा	3	440	2	142
10	गुजरात	865	254701	397	67997
11	हरियाणा	60	3834	50	2339
12	हिमाचल प्रदेश	216	5091	218	5614
13	जम्मू और कश्मीर	16	122	5	28
14	झारखंड	63	27839	287	13398
15	कर्नाटक	185	18556	182	24545
16	केरल	444	31296	480	11063
17	लक्षद्वीप	-	-	1	170
18	मध्य प्रदेश	160	8071	327	49245
19	महाराष्ट्र	37	3892	228	9358
20	मणिपुर	4	5	30	66
21	नागालैंड	2	31	-	-
22	ओडिशा	46	4547	7	1095
23	पुडुचेरी	8	558	83	1507
24	पंजाब	281	16395	681	27321
25	राजस्थान	46	15454	133	5417
26	सिक्किम	2	-	3	14487
27	तमिलनाडु	86	17681	164	355
28	तेलंगाना	68	1734	138	6582
29	त्रिपुरा	-	-	5	1679
30	उत्तर प्रदेश	167	17912	770	109910
31	उत्तराखंड	42	5846	45	3278
32	पश्चिम बंगाल	19	281	13	407
	योग	3738	455360	5311	372738

टिप्पणी: आंकड़ों में राज्य सरकारों, आदर्श करियर केंद्रों, अ.जा/अ.ज.जा. हेतु एनसीएस केन्द्र तथा अन्यथा सक्षम व्यक्तियों हेतु एनसीएस केंद्रों से आंकड़े शामिल हैं।